हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 अब एमपीआरडीसी करेगी सड़क की निगरानी और उनकी...



07 शारदीय नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने सलकनपुर देवीधाम ...



अनुभूति गरबा अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शहर के उत्साह, संस्कृति और सामूहिक उल्लास से जुड़ा उत्सव बनता दिखाई दे रहा है।

कल से अनुभूति के रंग में रंगेगा पूरा इटारसी, हर तरफ गूंजेगी गरबा की धूम

हरिभूमि अनुभूति गरबा सीजन-5 को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह, सोशल मीडिया से लेकर चौक-चौराहों तक आयोजन की चर्चा

14 से 16 अक्टूबर तक होगा सांस्कृतिक गरबे का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में नवरात्रि के उत्सव को लेकर उत्साह अपने चरम पर पहुंचने लगा है। हर तरफ गरबा की तैयारियों की चर्चा है और अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने जा रही हैं। कल से इटारसी की शामें गरबा की थाप, रंग-बिरंगे परिधानों और मां दुर्गा की आराधना के उल्लास से सराबोर होने जा रही हैं। हरिभूमि द्वारा आयोजित अनुभूति गरबा सीजन-5 को लेकर शहर में ऐसा माहौल बन रहा है कि सोशल मीडिया से लेकर चौक-चौराहों तक आयोजन की चर्चा सुनाई दे रही है। शहर का गरबा प्रेम अब एक बड़े उत्सव का रूप लेने को तैयार है।

आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंच, साउंड, लाइटिंग, प्रवेश व्यवस्था, दर्शकों के बैठने की सुविधा और सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार आयोजन को प्रीमियम स्वरूप देने के साथ ही परिवारों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयोजन स्थल द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में गरबा की तीनों शामों को यादगार बनाने के लिए टीम जुटी हुई है।

तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप



विशिष्ट अतिथि सहित जनप्रतिनिधि भी बढ़ाएंगे कार्यक्रम की शोभा

सोशल मीडिया पर अनुभूति की गूंज, शहर में उत्सव

अनुभूति गरबा को लेकर युवाओं से लेकर परिवारों तक में उत्सुकता दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर गरबा से जुड़ी रील्स, पोस्ट और प्रचार सामग्री लोगों का ध्यान खींच रही है। शहर के युवा इस आयोजन को लेकर खासे उत्साहित हैं, वहीं परिवार भी गरबा की शामों का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं। इटारसी में इन दिनों अनुभूति गरबा की चर्चा लगातार तेज हो रही है। आयोजन से जुड़ी गतिविधियों ने उत्सव का माहौल तैयार कर दिया है और अब सभी की निगाहें गरबा की पहली शाम पर टिकी हैं। हरिभूमि अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 का आयोजन 14, 15 और 16 अक्टूबर को किया जाएगा।आयोजन को खास बनाने के लिए मनोरंजन के साथ व्यवस्थाओं पर भी जोर दिया गया है।

तीन दिन तक सजेगी गरबा और उल्लास की महफिल

तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव में गरबा, संगीत, आकर्षक प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक उल्लास का संगम देखने को मिलेगा। आयोजन को खास बनाने के लिए मनोरंजन के साथ व्यवस्थाओं पर भी जोर दिया गया है। 15 अक्टूबर को फिल्म कलाकार गौतम त्रिपाठी और 16 अक्टूबर को लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे की मौजूदगी आयोजन के आकर्षण को और बढ़ाएगी। तीनों दिन एंकर सलोनी झा कार्यक्रम का संचालन करेंगी।

इटारसी की शामों में घुलेगा अनुभूति का रंग

अनुभूति गरबा अब केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शहर के उत्साह, संस्कृति और सामूहिक उल्लास से जुड़ा उत्सव बनता दिखाई दे रहा है। युवाओं की ऊर्जा, परिवारों की भागीदारी और गरबा प्रेमियों का उत्साह मिलकर इन तीन शामों को खास बनाने के लिए तैयार है। नवरात्रि की भक्ति और गरबा की मस्ती के बीच इटारसी एक बार फिर उत्सव के रंग में रंगने जा रहा है।

भक्ति और परंपरा का अनुपम उत्सव



माँ दुर्गा की आराधना और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने वाला हरिभूमि अनुभूति गरबा महोत्सव निश्चित ही सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस भव्य आयोजन से जुड़ी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ। माँ जगदम्बा की कृपा से यह महोत्सव नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करे।

रमेश के. साहू, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, जबलपुर

सीजन-5 के लिए शुभकामनाएं



हरिभूमि द्वारा आयोजित अनुभूति गरबा इटारसी की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला आयोजन है। यह उत्सव हमारी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करता है। इस वर्ष भी अनुभूति गरबा भव्यता और उत्साह के नए आयाम स्थापित करेगा। मेरी ओर से आयोजन समिति एवं सभी गरबा प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

रौनक सिंघल व्यवसायी एवं समाजसेवी

बढ़ेगी इटारसी की सांस्कृतिक गरिमा



अनुभूति गरबा से इटारसी में हरिभूमि का अनुभूति गरबा एक ऐसा आयोजन है, जो शहरवासियों को एक साथ जोड़ने के साथ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखता है। पांचवें सीजन में आयोजन की भव्यता और उत्साह निश्चित रूप से लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। मां दुर्गा की आराधना और गरबा की उमंग से सजी तीनों शामें यादगार बनें, यही मेरी मंगलकामना है।

बृजेश अग्रवाल व्यवसायी एवं समाजसेवी

गरबा की धुन पर झूमेगा इटारसी



नवरात्रि आस्था, शक्ति और उल्लास का पर्व है। हरिभूमि का अनुभूति गरबा इस पर्व की खुशियों को सामूहिक उत्सव का रूप देता है। तीन दिनों तक संगीत, गरबा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा यह आयोजन शहरवासियों के लिए विशेष अनुभव लेकर आएगा। मेरी कामना है कि अनुभूति गरबा सीजन-5 सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे और सभी के लिए सुखद यादें छोड़ जाए।

सजल गुप्ता व्यवसायी एवं समाजसेवी

एकता और परंपराओं का प्रतीक



त्योहार समाज को जोड़ने और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। हरिभूमि अनुभूति गरबा इसी भावना के साथ शहरवासियों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। नवरात्रि की भक्ति, गरबा की उमंग और लोगों की सहभागिता इस आयोजन को विशेष बनाती है। अनुभूति गरबा सीजन-5 सफलतापूर्वक संपन्न हो और शहर में खुशियों का वातावरण बने, इसके लिए मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

मनोज सारन समाजसेवी

अनुभूति के लिए युवाओं में उत्साह



आज के दौर में ऐसे सांस्कृतिक आयोजन महत्वपूर्ण हैं, जो युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ते हुए मनोरंजन का बेहतर मंच भी उपलब्ध कराते हैं। हरिभूमि अनुभूति गरबा इसी दिशा में एक सराहनीय पहल है। पांचवें सीजन में भव्य व्यवस्थाओं और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ यह आयोजन इटारसी की गरबा संस्कृति को नई पहचान देगा। मेरी ओर से आयोजकों और प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रिंस पटेल व्यवसायी एवं समाजसेवी

कार्यक्रम की विशिष्ट पहचान है



हरिभूमि अनुभूति गरबा इटारसी के सबसे चर्चित सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना करना और परिवारों के साथ उत्सव का आनंद लेना अपने आप में खास अनुभव है। इस वर्ष भी आयोजन शानदार हो और शहरवासी पूरे उत्साह के साथ इसमें सहभागी बनें, यही मेरी शुभकामना है।

सन्नी बतरा व्यवसायी एवं समाजसेवी

साउंड और लाइटिंग की अहम भूमिका



अनुभूति गरबा को भव्य बनाने में हरिभूमि अनुभूति गरबा के साथ चिंतामणि साउंड एंड लाइट का जुड़ाव वर्षों पुराना है। मंच की भव्यता, साउंड की गुणवत्ता, आकर्षक लाइटिंग और आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं के माध्यम से गरबा प्रेमियों को एक शानदार अनुभव देने का लक्ष्य है।इस वर्ष आयोजन के बढ़े हुए स्वरूप को देखते हुए साउंड, लाइट और मंच से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष मेहनत की जा रही है।

यशवर्धन चौबे चिंतामणि साउंड एंड लाइट

गरबा हमारी परंपराओं का उत्सव



नवरात्रि भारतीय संस्कृति और शक्ति की आराधना का महत्वपूर्ण पर्व है। गरबा इसी आस्था और परंपरा को उत्सव के रूप में अभिव्यक्त करता है। हरिभूमि द्वारा आयोजित अनुभूति गरबा शहर के लोगों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। आयोजन में शामिल होने वाले सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं। मां दुर्गा की कृपा से यह आयोजन सफल हो और इटारसी में सुख, शांति एवं समृद्धि का वातावरण बना रहे।

राम राजपूत अध्यक्ष, करणी सेना परिवार

अनुभूति गरबा को लेकर उत्साह



हरिभूमि अनुभूति गरबा ने इटारसी में सांस्कृतिक आयोजनों को एक नई पहचान दी है। पांचवें सीजन को लेकर जिस तरह शहर में उत्साह दिखाई दे रहा है, उससे आयोजन के प्रति लोगों का जुड़ाव स्पष्ट होता है। इस बार आकर्षक व्यवस्थाओं, संगीत और विशेष प्रस्तुतियों के साथ गरबा की तीनों शामें शहरवासियों के लिए यादगार बनने जा रही हैं। मेरी ओर से हरिभूमि की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।..

रोहित अजमानी व्यवसायी एवं समाजसेवी



खबर संक्षेप

महिला सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सारनी। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की ओर से 10 अक्टूबर को ग्राम भारती महिला मंडल, शोभापुर कॉलोनी में महिला सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव के मार्गदर्शन और मध्य प्रदेश प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, आत्मसम्मान, समानता और सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी ने कहा कि "एक नारी सब पर भारी" नारी की शक्ति और आत्मविश्वास का प्रतीक है। बेटियों को शिक्षा देने के साथ बेटों को भी महिलाओं के सम्मान और समानता के संस्कार देना जरूरी है। वहीं सतीश बौरासी ने कहा कि महिला सुरक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के साथ उनकी समस्याओं को समझना और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।
कार्यक्रम में विनोद कुमार कैथवार, सुनील अग्रवाल, अनिल पाटेकर, राकेश डेहरिया, दीपक चौधरी सहित संगठन के पदाधिकारी, ग्राम भारती महिला मंडल की संचालक भारती अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने महिला सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

आज से विजय मंगल भवन में गूंजेगी गरबा की खनक

भौंरा। नवरात्रि के उल्लास और मां दुर्गा की आराधना के बीच भौंरा में आज मंगलवार से दो दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ होगा। अन्नपूर्णा गरबा महिला मंडल भौंरा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव 13 और 14 अक्टूबर को विजय मंगल भवन में शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर की महिलाओं और बच्चियों में खासा उत्साह है। भौंरा में पिछले 10 वर्षों से गरबा महोत्सव की परंपरा चली आ रही है। इस वर्ष भी इसे उत्साह और उमंग के साथ मनाने की तैयारियां की गई हैं। महोत्सव को लेकर महिलाएं और बच्चियां पहले से ही अपने-अपने समूह बनाकर गरबा नृत्य का अभ्यास कर रही हैं। आयोजन के दौरान गरबा गीतों की धुन पर पारंपरिक नृत्य और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नवरात्रि का उत्सवी रंग देखने को मिलेगा। गरबा महोत्सव धार्मिक आस्था के साथ नगर की महिलाओं और बच्चियों को एक मंच पर लाने तथा आपसी मेलजोल बढ़ाने का माध्यम भी बन गया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चियों के शामिल होने की उम्मीद है।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए "सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार" एवं "बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर रूपये-10,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को रूपये- 25,000 प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

बैतूल-परतवाड़ा रोड के फिरेंगे दिन....

कोथलकुंड टोल नाके से ठेकेदार का कब्जा खत्म

अब एमपीआरडीसी करेगी सड़क की निगरानी और उनकी मरम्मत

अंकित राठौर ⏭ भैंसदेही

बैतूल से महाराष्ट्र की सीमा तक जर्जर हो चुके बैतूल-परतवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग की खस्ताहाल स्थिति को देखते हुए आखिरकार अब शासन ने सख्त कदम उठाया ही लिया है। कोथलकुंड टोल नाके से ठेकेदार का आधिपत्य हटा दिया गया है और अब पूरे मार्ग का संचालन और मरम्मत का जिम्मा एमपीआरडीसी (MPRDC) ने अपने हाथ में ले लिया है।

गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से बैतूल-परतवाड़ा रोड अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही थी। सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से राहगीरों को वाहन चलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों और राजनीतिक दलों द्वारा कई बार टोल पर धरना-प्रदर्शन कर सड़क की मरम्मत की मांग की गई थी और इसकी लिखित एवं मौखिक शिकायतें भी हुईं, लेकिन ठेकेदार की काम करने की गति कछुए की चाल जैसी ही रही। हाल ही में बैतूल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने भी टोल पर शांतिपूर्ण धरना देकर विरोध जताया था। इसके बाद शासन ने टोल का संरक्षण ठेकेदार से लेकर एमपीआरडीसी को सौंप दिया है।



एनएचएआई को सौंपने की प्रक्रिया शुरू, पर लगेगा एक-दो साल

जानकारी के अनुसार इस राष्ट्रीय राजमार्ग को भविष्य में एनएचएआई को सौंपा जाना है। इसके लिए दावा-आपत्ति की प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) भैंसदेही के माध्यम से शुरू भी कर दी गई है। पूरी प्रक्रिया में लगभग एक से दो साल का समय लग सकता है। तब तक सड़क के मेंटेनेंस का पूरा कार्य एमपीआरडीसी ही करेगी। फिलहाल एनएचएआई द्वारा सड़क के गड्ढे भरने और दुरुस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है।



मरीजों और यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी

यह मार्ग मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस पर आवागमन भी ज्यादा रहता है। सड़क खराब होने से एक घंटे का सफर ढाई से तीन घंटे में पूरा हो पाता है। बसों की हालत खराब हो रही है और वाहन कछुए की चाल से चल पाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से महाराष्ट्र के अमरावती-परतवाड़ा इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को हो रही है। बॉर्डर से जुड़ा होने के कारण बड़ी संख्या में लोग इसी रास्ते से महाराष्ट्र जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूचना पटल पर तो यह राष्ट्रीय राजमार्ग चमकता दिखता है, लेकिन हकीकत में इसकी हालत ग्रामीण क्षेत्र की पगडंडी से भी बदतर हो गई है। हमारे गांव की सड़कें भी इससे कहीं अच्छी हैं। अब इस रोड के एमपीआरडीसी के हाथ में आ जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि वाहन चालकों को जल्दी ही गड्ढों से राहत मिलेगी और परिवहन सुगम होगा।

जमीन अधिग्रहण हेतु नोटिस जारी कर सर्वे का काम किया जा रहा : एसडीएम

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) भैंसदेही अजीत मरावी ने बताया कि जमीन अधिग्रहण आपत्तियों के लिए नोटिस जारी कर सर्वे का काम किया जा रहा है एवं कंपनसेशन की प्रक्रिया चालू कर दी गई है। प्रभावित लोगों द्वारा अपने खाते और दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं।

भैंसदेही में 28 यूनिट रक्तदान

रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं : थाना प्रभारी सातनकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

गुदगांव चौपाटी स्थित गौरव कृषि सेवा केंद्र पर नवसृजन जनकल्याण समिति (NJS) के तत्वावधान में रक्तदान महादान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। मेलघाट ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 28 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी राजेश सातनकर, सीएमओ के एस उईके, सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभान बारस्कर, प्रबंधक पांडुरंग ठाकरे सहित अतिथियों ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। यह महान पुण्य और परोपकार का कार्य है। रक्तदान कर हम किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाते हैं। उन्होंने नवसृजन जनकल्याण समिति की पूरी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। समाजसेवी सुरेन्द्र कनाठे ने कहा कि समिति द्वारा लगातार सामाजिक और जनकल्याण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वासु बारस्कर ने किया। समिति सदस्य मनीष नावंगे ने बताया कि सार्वजनिक सहयोग से समिति जल्द ही शव वाहन फ्रीजर एवं स्वर्ग रथ क्रय कर अंतिम संस्कार हेतु निःशुल्क सेवा शुरू करेगी। कार्यक्रम में राहुल चढ़ोकर, गुलाबराव सेलकरी, डॉ. संदीप मगरदे, डॉ. दिनेश दवंडे, अनिल गीद, सचिव डॉ. इन्द्रदेव लिखितकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और समाजसेवी उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष अशोक अड़लक ने आभार व्यक्त किया।

आमला-सारनी विस युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बंटी कारोसिया को पुलिस ने किया डिटेन

यूथ कांग्रेस का आरोपः साथियों को 10 घंटे भूखे-प्यासे रखकर किया डिटेन, लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे बैतूल जिले के युवा कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का सामना करना पड़ा। इस दौरान आमला-सारनी विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बंटी कारोसिया को भी दिल्ली पुलिस ने डिटेन कर लिया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने पहुंचे साथियों को पुलिस ने करीब 10 घंटे तक भूखे-प्यासे रखा और इसके बाद डिटेन किया। इस कार्रवाई को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई।

दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय सरदार यादव के नेतृत्व में बैतूल जिले के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन में बैतूल विधानसभा अध्यक्ष प्रितेश गंगारे, आमला विधानसभा उपाध्यक्ष बंटी कारोसिया, घोड़ाडोंगरी विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र भलावी, बैतूल शहर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, घोड़ाडोंगरी ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश भोरवंशी, भौंरा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष सोनल धुर्वे, सूरज यादव, अरविंद नागवंशी, लोकेश रावत और मुकेश सेलुकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराने दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना और जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना नागरिकों का अधिकार है। ऐसे में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पहुंचे युवाओं को घंटों भूखे-प्यासे रखने और डिटेन करने की कार्रवाई उचित नहीं है। युवा कांग्रेस आमला-सारनी विधानसभा उपाध्याय बंटी कारोसिया ने कहा कि युवा कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाने और युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा और वे निलय डागा के नेतृत्व में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा युवाओं के अधिकारों के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने पर दिया जोर

सारनी। केन्द्रीय विद्यालय सारनी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, सहानुभूति और समावेशी दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समावेशी शिक्षा पर आधारित 30 मिनट के वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों को समझने और उनके प्रति सकारात्मक व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देशानुसार प्रशस्त ऐप स्क्रीनिंग पहल के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, उनकी जरूरतों को समझना और बिना किसी भेदभाव के उन्हें स्वीकार करना समावेशी विद्यालयी वातावरण के प्रमुख आधार हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

भौंरा में टीवीएस शोरूम के ताले तोड़कर दो अपाचे बाइक सहित नकदी चोरी

सीसीटीवी कैमरों की लाइन काटी, फिर कैमरे हटाकर बंद किया इन्वर्टर



भौंरा। नगर के बीजादेही रोड स्थित माधव टीवीएस शोरूम में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दो अपाचे मोटरसाइकिल और काउंटर में रखे कुछ नकद रुपए चोरी कर लिए। चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों को निष्क्रिय करने का प्रयास किया। इसके बाद कैमरे हटाकर शटर के दोनों ताले तोड़े और शोरूम में प्रवेश कर गए। चोरी गई दोनों मोटरसाइकिल आपाचे आरटीआर 160 ड्यूल डिस्क मॉडल की हैं, जिनका रंग ब्लैक और रेड पट्टे वाला है। एक बाइक की एक्स-शोरूम कीमत करीब 1.49 लाख रुपए बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

शोरूम संचालक दिलीप माधव सोमवार सुबह करीब 9 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के दोनों ताले गायब मिले। शटर खोलकर अंदर देखा तो दो मोटरसाइकिल और काउंटर में रखी नकदी गायब थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस चौकी भौंरा में घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नीरज खरे मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद शाहपुर थाना प्रभारी नीरज पाल सहित जांच दल घटनास्थल पर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चोर शोरूम के पीछे की तरफ से पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले सामने लगे सीसीटीवी कैमरों बंद करने के लिए बिजली की सर्विस लाइन काटी, लेकिन कैमरों की लाइट बंद नहीं हुई। ऐसे में उन्हें कैमरों के इन्वर्टर के बैकअप पर चलने का संदेह हुआ। इसके बाद चोरों ने शोरूम के पीछे से एक कैमरा हटाया और दूसरी ओर लगे कैमरे को भी निकाल दिया। फिर शटर के दोनों ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया।घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक जांच दल को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट सहित अन्य आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

कुंडी के पास ट्रैक्टर शोरूम के ताले टूटने की भी सूचना

शाहपुर थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि कुंडी के पास स्थित एक ट्रैक्टर शोरूम के ताले टूटने की सूचना भी मिली है। हालांकि, वहां से फिलहाल किसी वाहन या अन्य सामान की चोरी होने की जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों घटनाओं के बीच कोई संबंध है या नहीं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। चोरी गई दोनों मोटरसाइकिलों की बरामदगी और आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर केस दर्ज कर पड़ताल कर रही है।

सारनी में भक्ति का महाकुंभः सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव में सजा मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का भव्य स्वरूप, रामलीला से सजेगी शामें

सारनी। सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष रामख्यानी स्टेडियम स्थित पंडाल में शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। नवरात्रि महोत्सव के लिए समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। इस वर्ष पंडाल में प्रसिद्ध मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मंदिर की भव्य एवं मनोरम झांकी का निर्माण किया गया है, जो नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। द्रविड़ स्थापत्य शैली में निर्मित मंदिर की झांकी अपनी आकर्षक बनावट और भव्य स्वरूप के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु झांकी की सराहना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सतपुड़ा सांस्कृतिक उत्सव समिति द्वारा इससे पूर्व भी पंडाल में केदारनाथ और सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की झांकियों का निर्माण कराया जा चुका हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने की समिति की यह पहल नगर में विशेष पहचान बना चुकी हैं रविवार घटस्थापना के साथ ही दस दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हो चुका हैं। प्रतिदिन विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना आरती की जाएगी।



तीन दिन में पूरी होगी यात्रा, नंगे पैर चलकर मां के दरबार में ध्वज अर्पित करेंगे

मां सलकनपुर धाम के लिए भौंरा से निकली पदयात्रा

भौंरा। मां सलकनपुरधाम में दर्शन और ध्वज अर्पित करने की आस्था लेकर सोमवार को भौंरा नगर से सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था पदयात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा की शुरुआत मां काली मंदिर से हुई। श्रद्धालु बस स्टैंड होते हुए मां खेड़ापति मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद मां विजासेन मंदिर में भी पूजन किया गया। इसके पश्चात मां सलकनपुर धाम के लिए पदयात्रा शुरू हुई। जत्थे में पुरुषों और महिलाओं के साथ छोटे बच्चे भी शामिल हुए। यात्रा में मां की आकर्षक छायाचित्र से सुसज्जित रथ के साथ डीजे चल रहा था। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर माता के जयकारे लगाते हुए नंगे पैर आगे बढ़ रहे थे, जिससे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। तीन दिन में पूरी होने वाली इस पदयात्रा के पहले दिन श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम 11 मुखी हनुमान मंदिर पथरोटा में होगा, जबकि दूसरे दिन पीलीकरार में पड़ाव रहेगा।



डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला

जनगणना 2027: प्रशिक्षण का प्रथम दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना के सफल, सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित संपादन के लिए जिला बैतूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस जनसंख्या गणना कार्य के क्रियान्वयन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रियाओं, तकनीकी प्रणालियों तथा प्रशासनिक दायित्वों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर आगामी कार्यों के लिए दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश, भोपाल की प्रशिक्षक शालिनी वर्मा एवं श्रुति पाटीदार द्वारा प्रदान किया गया।



सीएमएमएस पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रियाओं की दी गई गहन जानकारी: प्रशिक्षण के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण एवं परिचय सत्र से हुई। इसके पश्चात जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की परिचालन प्रक्रिया, प्रशासनिक अधिकारियों एवं लिपिकों के दायित्वों तथा जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सीएमएमएस पीई मॉड्यूल के अंतर्गत गणना ब्लॉक के गठन, प्रशिक्षण व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स एवं डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। सीएमएमएस पोर्टल की सैद्धांतिक जानकारी के साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि अधिकारी डिजिटल प्रणाली का उपयोग सुगमता एवं दक्षता के साथ कर सकें।

इसके अतिरिक्त ईबी क्रिएटर के माध्यम से उप-गणना ब्लॉक का सीमांकन एवं ले-आउट मैप तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रतिभागियों को गणना ब्लॉकों की सीमाओं के निर्धारण तथा संबंधित मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में सीएमएमएस के माध्यम से मकान सूची (एएचएल) एवं चार्ज रजिस्टर तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान जनगणना संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से तैयार करने तथा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

जनगणना के 40 प्रश्नों के अंतर्निहित भाव एवं राष्ट्रीय नीति निर्माण में महत्व को समझायाः कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने प्रशिक्षण सत्र में सभी जिला स्तरीय जनगणना अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने जनसंख्या गणना में पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों के अंतर्निहित भाव को विस्तार से समझाते हुए बताया कि प्रत्येक प्रश्न एवं उसके उत्तर का राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। कलेक्टर डॉ. सोनवणे की सटीक एवं व्यावहारिक जानकारी से प्रतिभागियों को जनगणना के प्रश्नों के पीछे निहित उद्देश्य एवं उनकी उपयोगिता को समझने में सहायता मिली।

महिला मोर्चा ने किया जोरदार प्रदर्शन

कांग्रेस सांसद बिमोल अकोईजम और राहुल गांधी का पुतला दहन



बैतूल। जेएनयू की छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने आज जिला मुख्यालय बैतूल में जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कांग्रेस कार्यालय के सामने आरोपी सांसद बिमोल अकोइजम और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला विरोधी रही है। अपनी ही पार्टी के सांसद पर 11 छात्राओं द्वारा लगाए गए इतने गंभीर आरोपों पर राहुल गांधी की चुप्पी शर्मनाक है।

लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ का नारा देने वाली कांग्रेस आज अपने आरोपी सांसद को बचा रही है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस आलाकमान आरोपी सांसद को तत्काल पार्टी से बर्खास्त करे और राहुल गांधी देश की बेटियों से माफी मांगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, नरेन्द्र गढेकर, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रम वैद्य, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष टेकाम, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, नपाउपाध्यक्ष महेश राठौर, रघुनाथ लोखंडे, रमेश गायकवाड, मनीष मिसर, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ममता मालवी, मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता देशमुख, नीलम वागद्रे, माधुरी साबले, फरीदा हुसैन सहित पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

राज्य स्तरीय खेलकर लौटे खिलाड़ियों का प्रोत्साहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विगत दिनों इंदौर में आयोजित 70 वी राज्य स्तरीय रबी प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले नगर के खिलाड़ियों को एवं प्रशिक्षकों का वापस आने पर स्वागत किया गया। नगर के 25 स्कूलों के बालक बालिकाओं खिलाड़ियों को अंडर 14,17,19 आयु वर्ग नर्मदा पुरम संभाग टीम से सहभागिता कर प्रतियोगिता में उपलब्ध हासिल करने वाले सभी का एकता स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा स्वागत किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 19 वर्ष वालिका वर्ग को गोल्ड मेडल प्रथम स्थान दिया गया।14 वर्ष बालिका वर्ग को गोल्ड मेडल दुसरा पुरस्कार दिया गया। 14 वर्ष के बालक वर्ग को ब्रांनज मेडल तीसरे स्थान पर दिया गया। कार्यक्रम आयोजित में खेल शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया।इस दौरान अनेकानेक शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र एवं लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

रिवर व्यू कॉलोनी में हुई प्राण प्रतिष्ठा

नर्मदापुरम। स्थानीय मालाखेड़ी रोड स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में रिवर व्यू कल्चर फाउंडेशन समिति द्वारा भगवान शंकर की प्रतिमा स्थापित की गई। विद्वान पंडित एवं आचार्य यज्ञदत्त तिवारी तथा गोलू अवस्थी द्वारा विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। शाम को भगवान भोलेनाथ की महाआरती आयोजित की गई।

17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

नर्मदापुरम। स्थानीय कसेरा मोहल्ला स्थित श्रीराम टेंट हाउस संचालक विकास आगोन के 17 वर्षीय पुत्र अनुज ने घर में फांसी लगा ली। बताया जाता है कि अनुज रसूलिया में टेंट का सामान और पंडाल लगाने के बाद घर लौटा था। घटना के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया।

बालक श्रीराम के दर्शन कर भावविभोर हुए महादेव, जमकर किया नृत्य

बालक राम अनुजों सहित शिक्षा प्राप्त करने पहुंचे गुरुकुल, आज होगी श्रीराम बारात की भव्य निकासी, शामिल होंगे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा प्रतिदिन श्री रामलीला का मंचन किया जा रहा है। जिसमें रविवार रात बालक श्रीराम के दर्शन करने महादेव अयोध्या नगरी पहुंचे। आज श्रीराम बारात की भव्य निकासी होगी। श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि रविवार की लीला में सर्वप्रथम श्री गणेश पूजन किया गया। जिसमें अतिथि रूप में नर्मदापुरम् जिला कांग्रेस सचिव जलज शर्मा, पूर्व भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजपूत, राष्ट्रीय नाई महासभा प्रदेश महासचिव रामबाबू सराठे, सोहागपुर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, समाजसेवी नीलेश सोनी, पं. नीलेश शर्मा, पं. रेवती प्रसाद मुदगल आदि ने पूजनकर भोग लगाया। इसके बाद लीला का मंचन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक प्रभु श्री राम की लीलाओं का मंचन देखने पहुंचे। लीला में बालक राम के दर्शन करने पहुंचे भगवान भोलेनाथ व माता कौशल्या में संवाद का मंचन किया गया। बालक राम के दर्शनकर भोलेनाथ खुश हुए एवं झूमकर उन्होंने नृत्य किया। समिति सदस्यों ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का नृत्य देखने बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए।





श्रीराम बारात निकासी आज

श्री राम नाट्य समिति सोहागपुर के 104 वें वर्ष के मंचन में श्रीराम बारात की निकासी होगी। श्रीराम विवाह लीला का मंचन होगा तथा भव्य श्रीराम बारात निकाली जाएगी। बारात आशीष खंडेलवाल, मनीष खंडेलवाल व नीलेश खंडेलवाल के मातापुरा सरकारी स्कूल मार्ग स्थित निवास से शाम आठ बजे प्रारंभ होगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रामलीला मंच पर पहुंचेगी। जहां भगवान श्री रामचंद्र व माता जानकी का विवाह संस्कार संपन्न होगा। समिति ने समस्त नगरवासियों सहित धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों, व्यापारी संघ तथा दुर्गा समितियों से अनुरोध किया है कि भव्य श्रीराम बारात की शोभा बढ़ाएं एवं भगवान श्री रामचंद्र जी के विवाह महोत्सव में सहभागी बनें।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्था के इंतजाम किए

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने सलकनपुर देवीधाम पहुंचकर टेका माथा





रेहटी। प्रसिद्ध और आस्था के बड़े केंद्र सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी धाम में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। रविवार और नवरात्रि का पावन पहला दिन होने के कारण सुबह से ही मंदिर परिसर, सीढ़ी मार्ग और पूरे क्षेत्र में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सैकड़ों श्रद्धालु कतारों में लगकर माता के दर्शन कर चुके हैं और जिला प्रशासन के अनुसार रात तक यहां दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 1 लाख के पार पहुंच सकती है। बता दें कि नवरात्रि के पहले दिन घरों और मंदिरों में घटस्थापना के साथ आदिशक्ति मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सलकनपुर के इस पावन मंदिर में भी सुबह से ही विशेष अनुष्ठान, हवन और पूजन का दौर लगातार जारी है। पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के जयकारों और भक्तिमय भजनों से गूंज रहा है। दूर-दूर से आए श्रद्धालु माता के दर्शन कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना कर रहे हैं।

1000 फीट की ऊंचाई पर विराजमान हैं मां: बता दें कि विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं पर करीब 1000 फीट की ऊंचाई पर स्थित मां विजयासन देवी का यह मंदिर अपनी चमत्कारी मान्यताओं और इतिहास के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। पौराणिक मान्यता, धार्मिक कथाओं के अनुसार मां विजयासन को माता पार्वती का ही एक शक्तिशाली स्वरूप माना जाता है।

पौराणिक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है कि देवी द्वारा भयंकर असुर रक्तबीज का वध करने के बाद देवताओं को विजयश्री प्राप्त हुई थी। इसके पश्चात देवताओं ने यहां माता को विजयासन (विजय का आसन) प्रदान किया, तभी से इस पवित्र स्थल का नाम विजयासन धाम पड़ गया।

बंजारों को मिल गए थे गुम हुए मवेशी : इस स्थान के इतिहास को लेकर एक अन्य लोक कथा भी काफी प्रचलित है। कहा जाता है कि करीब 300 साल पहले इस क्षेत्र में बंजारों के कुछ मवेशी कहीं खो गए थे। भटकते-भटकते बंजारों ने जब माता के बताए अनुसार यहां विधि-विधान से पूजा की तो उनके खोए हुए सभी पशु सुरक्षित वापस मिल गए। इस चमत्कार से अभिभूत होकर उन बंजारों ने ही इस भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था।

नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट ने सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर, पार्किंग और अन्य प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ को व्यवस्थित रखने और सुगम दर्शन के लिए विशेष बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

रोपवे की विशेष सुविधा

बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग श्रद्धालुओं सहित अन्य श्रद्धालुओ के लिए रोपवे की सुविधा चालू है। इसके अलावा सामान्य भक्त सड़क मार्ग और सीढ़ियों के रास्ते भी लगातार मंदिर पहुंच रहे हैं। प्रशासन रात तक बढ़ने वाली भीड़ को लेकर पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

अंबा माई मंदिर के पास बाघ ने किया भैंस का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

विगत कुछ दिनों से बाघ की चहल कदमी की सूचना स्थानीय नागरिकों के माध्यम से चर्चाओं में है। कुछ दिन पहले पचमढ़ी के बी.टी.आई के आस पास बाघ दिखाई दिया तो कभी पगारा ग्राम में सुबह सड़क के किनारे चलता हुआ बाघ का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहा। 12 अक्टूबर को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि पचमढ़ी पिपरिया मुख्य मार्ग पर प्रसिद्ध अम्बा माई मंदिर के पास बाघ ने एक भैंस का शिकार किया है। जिससे नगर एवं श्रद्धालुओं में डर का माहौल बन गया है। बता दे कि सुबह के समय स्थानीय लोग उस मार्ग पर घूमने भी जाते है। नवरात्र में अम्बा माई मंदिर में सुबह सुबह श्रद्धालु भी जल चढ़ाने जाते हैं साथ ही शाम के समय भी मंदिर में भक्तों की अच्छी खासी भीड़ होती है। मंदिर से कुछ ही दूरी पर बाघ द्वारा भैंस का शिकार करना ओर मंदिर के आस पास पचमढी पिपरिया मुख्य मार्ग पर बाघ के होने की सूचना ने श्रद्धालुओं एवं आम जन में डर पैदा कर दिया है। लगातार स्थानीय नागरिकों से अपील की जा रही है कि कोई भी अम्बा माई मंदिर क्षेत्र के आस पास अकेले न जाए ।

गिट्टी से सलकनपुर पैदल जाते देवीभक्त परेशान

सोहागपुर। स्टेट हाईवे पर वहर में सीएम राइज स्कूल के सामने गिट्टी से किया गया गड्ढों का पुराव जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। मुख्य रूप से मां विजयासन धाम सलकनपुर को पैदल जाते देवीभक्त बहुत परेशान हैं। नंगे पैर चलते भक्तजन गिट्टी से चोटिल हो रहे हैं। नागरिकों ने समस्या के स्थाई समाधान की मांग प्रशासन से की है।

चालक कल्याण संघ और टैक्सी मालिकों ने रखी मांग, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

टैक्सी मालिक एवं चालक कल्याण संघ द्वारा 12 अक्टूबर को जिप्सीयों के किराये में वृद्धि कराने हेतु आवश्यक बैठक की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिप्सियों के किराये में वृद्धि कराना था। यूनियन अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि विगत 5 वर्षों से जिप्सियों के किराये में कोई वृद्धि नहीं की गई है। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 12 अक्टूबर 2026 को टैक्सी यूनियन के समस्त टैक्सी मालिकों ने मीटिंग में यह निर्णय लिया है, कि इतने कम किराये में जीवन यापन करना बहुत मुश्किल हो रहा है। जिसके चलते प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत किया जा रहा है कि 16 अक्टूबर तक जिप्सियों के किराये में वृद्धि नहीं की गई तो 17 अक्टूबर से मजबूरी वश वे रोस्टर प्रणाली में जिप्सियों को नहीं भेजेंगे।

नहीं रहे इंसानी जज्बे की मिसाल वरिष्ठ समाजसेवी बशीर मामू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के समाजसेवी बशीर खान मैनेजर साहब का 10 अक्टूबर 2026 को सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सोहागपुर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। उनके पार्थिव शरीर को ईशा की नमाज के बाद बड़ी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और मगफिरत के लिए दुआ की। अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ उनके प्रति लोगों के प्रेम, सम्मान और आत्मीय जुड़ाव का प्रतीक बनी। लोगों के बीच 'बशीर मामू' के नाम से मशहूर उनका जाना क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। नागरिकों के अनुसार बशीर खान मैनेजर की पहचान जरूरतमंदों के मददगार की थी। उन्होंने कई बच्चों की शादी में आर्थिक सहयोग किया और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद की। लोग उन्हें प्यार से 'बशीर मामू' कहते थे। वे अपना संयुक्त परिवार साथ लेकर चले। सरकारी सेवा सहित सामाजिक गतिविधियों में भी खान सक्रिय रहे एवं उनकी सादगी बरकरार रही। गांधी वार्ड स्थित वक्फ कायमखानी मस्जिद में बशीर मामू ने 20 वर्ष से अधिक समय तक अध्यक्षता की। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल लोगों की बड़ी संख्या इस बात की गवाह बनी कि बशीर मामू से आत्मीयता रखने वालों की कमी नहीं थी।

नवरात्रि मेला के दौरान विंध्याचल स्टेशन पर 12 ट्रेनों का अस्थाई ठहराव 11 से 26 अक्टूबर तक यात्रियों को मिलेगी सुविधा

नर्मदापुरम। शारदीय नवरात्रि मेला के दौरान विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों एवं दर्शनार्थियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा 11 से 26 अक्टूबर 2026 तक भोपाल मंडल होकर संचालित 12 ट्रेनों को दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 12141 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–पाटलिपुत्र एक्सप्रेस प्रतिदिन विंध्याचल स्टेशन पर रात्रि 22:30 बजे पहुंचेगी तथा 22:32 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12142 पाटलिपुत्र–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15945 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15946 डिब्रूगढ़–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15647 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गुवाहाटी एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12335 भागलपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन विंध्याचल स्टेशन पर शाम 19:05 बजे पहुंचेगी तथा 19:07 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12336 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–भागलपुर एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12295 सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु–दानापुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12296 दानापुर–सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12167 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–बनारस एक्सप्रेस , गाड़ी संख्या 12168 बनारस–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस रुकेंगी।

पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु माखननगर पुलिस द्वारा निरंतर की जा रही पेट्रोलिंग

माखननगर। पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पुलिस पेट्रोलिंग नवरात्रि पर्व के दौरान सलकनपुर देवी धाम की पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु थाना माखननगर पुलिस द्वारा निरंतर रोड पेट्रोलिंग की जा रही है।

नगर कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी ने जलाया ज्ञानेश कुमार का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

11 अक्टूबर को स्थानीय जवाहर चौक पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोरी के मुद्दे एवं, एसआईआर प्रकिया में धांधली के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार गुप्ता के इस्तीफ़े की मांग करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल वरिष्ठ कांग्रेसी यूनिस अंसारी जय नारायण गुप्ता, बुद्धेश्वर राय सुभान खान,सगीर कुरैशी राजू साहू,शक्ति रंजन गुप्ता परमेंद्र गायकवाड,साबिर खान,वीरेंद्र यादव शंकर लाल खटीक,दीप नारायण साहू,यस (अक्की) जायसवाल एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

समाजजनों ने आदर्श अपनाने का लिया संकल्प

अग्रवाल समाज ने मनाई महाराज अग्रसेन जयंती, विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अग्रवाल समाज सोहागपुर ने अग्रसेन जयंती का आयोजन रविवार को बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भाव के साथ किया। जिसमें सामाजिक नागरिक उपस्थित हुए। आयोजन प्रताप नारायण अग्रवाल के निवास पर किया गया।

जानकारी अनुसार इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्श अपनाने का संकल्प समाजजनों ने लिया। आयोजन स्थल पर भजन, कीर्तन और सामाजिक एकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और समाजजनों ने आगामी समय में भी इस तरह के आयोजन नियमित रूप से करने का संकल्प लिया।



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पंजाब बैंक शाखा प्रबंधक एसके अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, तरंग अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सौरभ गोलू अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मंथन अग्रवाल, केशव अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सुलोचना अग्रवाल, विमला अग्रवाल, किरण अग्रवाल, वृंदा अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल, मेघा अग्रवाल एवं अन्य सामाजिक नागरिक उपस्थित थे। अग्रसेन महाराज की जयंती के आयोजन में उनके मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' का स्मरण किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने युवा पीढ़ी से कहा कि इस मूल सिद्धांत पर कार्य करते हुए अपना सामाजिक जीवन व्यतीत करें, तो मन को अपार शांति प्राप्त होगी। समाज में सद्भाव, पारस्परिक सहयोग, भाईचारा एवं सेवाभाव को और मजबूत बनाने का आह्वान भी वरिष्ठजनों ने युवाओं से किया।

कुठारिया में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर युवक की मौत

नर्मदापुरम। शहर के समीपस्थ नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम को एक दर्दनाक घटना घटित हो गई । एक्सीडेंट में ग्राम कोठारिया निवासी रोहित यादव की मौत हो गई । किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही सुहागपुर एसडीओपी और माखन नगर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। एक्सीडेंट की घटना से गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया और समझाइश के बाद जाम खुला। बताया जाता है कि स्टेट हाईवे पर जमकर हंगामा हुआ । पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार तेज वाहन से टक्कर मार दी जिससे कोठारिया निवासी रोहित की मौके पर मौत हो गई । अब अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुटी है।

विजयादशमी पर 12 बस्तियों से निकलेगा संघ का पथ संचलन, नगर में तैयारियां शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक एकता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के संकल्प के साथ 100 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा वर्ष 2026 में अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। व्यक्ति निर्माण से समाज परिवर्तन, समाज को वैचारिक दिशा देने और संगठित समाज के माध्यम से सशक्त एवं अक्षुण्ण राष्ट्र के निर्माण की भावना संघ की कार्यपद्धति का रमुख आधार रही है। नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने बताया कि संघ रचनानुसार मध्यभारत प्रान्त के नर्मदापुरम विभाग के अंतर्गत 5 जिले- हरदा, नर्मदापुरम ,पिपरिया,बैतूल और मुलताई जिलों कि 33 इकाइयों 7 नगर और 26 खंडों कि सभी 86 बस्तियों और 300 मण्डलों के पथ संचलन तय हो चुके हैं। इसी क्रम में इस वर्ष विजयादशमी उत्सव के अवसर पर नर्मदापुरम नगर में भी बस्तीशः पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए नगर की 12 बस्तियों की तिथिवार योजना निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। उस समय देश अंग्रेजी शासन के अधीन था और समाज के सामने राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक संगठन तथा सांस्कृतिक स्वाभिमान को सुदृढ़ करने की बड़ी चुनौती थी। ऐसे परिवेश में व्यक्ति निर्माण को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए संघ की स्थापना हुई। विजयादशमी का पर्व संघ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इसी दिन संगठन की स्थापना हुई थी।

संचलन की रूपरेखा

विजयादशमी उत्सव के क्रम में नर्मदापुरम नगर में इस वर्ष 12 बस्तियों से पथ संचलन निकालने की योजना बनाई गई है। 11 अक्टूबर से संचलन का क्रम प्रारंभ होकर 23 अक्टूबर तक चलेगा। 11 अक्टूबर, रविवार उद्यमसिंह बस्ती,14 अक्टूबर, बुधवार केशव बस्ती,15 अक्टूबर, गुरुवार माधव एवं मधुकर बस्ती, संयुक्त , 16 अक्टूबर, शुक्रवार भगतसिंह बस्ती, 18 अक्टूबर, रविवार शिवाजी, गुरुनानक एवं रामदास बस्ती,संयुक्त 20 अक्टूबर, मंगलवार दुर्गावती बस्ती, चाफेकर बस्ती,पृथक 22 अक्टूबर, गुरुवार परशुरामबस्ती,23 अक्टूबर,शुक्रवार अहिल्या बस्ती में होगा।

खबर संक्षेप

शासकीय आईटीआई में आज युवा संगम रोजगार मेला

खरगोन। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई, खरगोन में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) आयोजित किया जाएगा। मेला प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही, स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने वाले शासकीय विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराया जाएगा। रोजगार मेले में 8वीं से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु के युवक भाग ले सकते हैं। आवेदकों को अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रिज्यूम/सीवी, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), अन्य प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट साइज के दो फोटो साथ लाने होंगे।

डंपर ने मारी स्कूली वैन को टक्कर



हरदा। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदौर रोड पर सोमवार सुबह होटल मानसरोवर के पास गिट्टी से भरे एक डंपर और मारुति वैन की टक्कर हो गई। हादसे में वैन को नुकसान हुआ, लेकिन उसमें सवार एक बच्ची सुरक्षित रही। जानकारी के अनुसार, मारुति वैन स्कूली बच्चों को लेने कॉलोनी की ओर जा रही थी। इसी दौरान डंपर ने वैन को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि डंपर गलत दिशा से आ रहा था। टक्कर के समय वैन में सिर्फ एक बच्ची थी। अच्छी बात यह रही कि उसे कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने डंपर ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि वैन पर 'पुलिस' लिखा हुआ है और इसका इस्तेमाल स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले डंपर को थाने में खड़ा कर दिया है।

सिराली और खिरकिया में अवैध शराब के प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस. बघेल के नेतृत्व में ग्राम रोलगांव, धूपकरण, दीपगांव, धनवाड़ा, चौकड़ी, वार्ड नंबर 05 खिरकिया व शुभम ढाबा खिरकिया में दबिश दी। दबिश के दौरान 22 पाव देशी मदिरा प्लेन, 12 पाव देशी मसाला एवं 1.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के अन्तर्गत कुल 4 प्रकरण दर्ज किये गए।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 15 को

हरदा। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 15 अक्टूबर गुरुवार आयोजित होगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सोनम वाजपेयी ने बताया कि यह बैठक 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय हरदा में आयोजित की गई है। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2026-27 हेतु तवा बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह छोड़े जाने की तिथि एवं पानी की मांग का निर्धारण, रबी सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां जैसे खाद, बीज, कीटनाशक इत्यादि एवं फसल चक्र संबंधी सुझाव, रबी सिंचाई हेतु विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

कॅरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन एवं तकनीकी शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर तक तीन दिवसीय कॅरियर एवं उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के लिए चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया

डिजिटल तकनीक और मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग की दी गई जानकारी, निर्देश भी दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से हरदा में जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 12 एवं 13 अक्टूबर 2026 को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। जिला जनगणना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर तृप्ति पटेरिया ने बताया कि प्रशिक्षण में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों को जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित कार्यप्रणाली, प्रक्रियाओं तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही डिजिटल माध्यम से जनगणना कार्य संपादित करने, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग और संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 में डिजिटल तकनीक के व्यापक उपयोग के माध्यम से आंकड़ों के संकलन को अधिक सटीक एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता एवं शुद्धता के साथ पूरा किया जा सके। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, भोपाल से आई आयुषी भावसार एवं आयुषी यादव ने प्रशिक्षण दिया किया। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी चरण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रभावी प्रशिक्षण देकर जनगणना कार्य को व्यवस्थित और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाना है। प्रशिक्षण में अनुविभागीय जनगणना अधिकारी टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी खिरकिया रजनी वर्मा, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनगणना से संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासकीय पॉलीटेक्निक हरदा में कैंपस ड्राइव आयोजित

हरदा। तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने एवं उनकी व्यावसायिक दक्षता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, हरदा में गूलकाई एआई सॉल्यूशंस कंपनी द्वारा कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी विकास भुमरकर ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कंप्यूटर साइंस ब्रांच के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस दौरान कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा विद्यार्थियों से



संवाद कर उन्हें कंपनी की चयन प्रक्रिया एवं साक्षात्कार संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों का साक्षात्कार हेतु पंजीयन किया गया तथा आगामी चयन प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कंपनी प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि पंजीकृत विद्यार्थियों के साक्षात्कार दशहरा पर्व के पश्चात आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कैंपस ड्राइव विद्यार्थियों को उद्योग जगत से परिचित कराने, उनकी रोजगारपरक क्षमताओं को विकसित करने तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रमों की समीक्षा की

आशा सुपरवाइजरों की बैठक में सुरक्षित मातृत्व पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरदा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सोमवार को आशा सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश चौहान ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं एवं हाईरिस्क महिलाओं को प्रोटोकॉल के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के दौरान अनिवार्य चार जांचें सुनिश्चित की जाएं। चौहान ने निर्देश दिए कि जिन महिलाओं को आयरन सुक्रोज एवं एफसीएम लगाया जा रहा है, उनकी एंट्री पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाए। जिन हाईरिस्क महिलाओं की प्रसव की संभावित तारीख निकट है, उन्हें प्रसव के 7 दिवस पूर्व ही स्वास्थ्य संस्था में बने बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए, ताकि सुरक्षित प्रसव कराया जा सके।उन्होंने सभी आशा सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के पंचायत सचिवों से संपर्क कर सभी गर्भवती महिलाओं की ई-केवाईसी एवं समग्र आईडी का कार्य पूर्ण कराएं, ताकि हितग्राहियों को समय पर भुगतान मिल सके।

वहीं जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर सोनाली सेन ने कहा कि जिले में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात शिशु की गृह आधारित देखभाल अनिवार्य रूप से की जाए। पोर्टल पर डुप्लीकेट एंट्री न करें और यदि डुप्लीकेट एंट्री हो गई हो तो उसे डिलीट करवाएं। सुश्री सेन ने कहा कि जिले में होने वाली समस्त मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु का वर्बल ऑटोप्सी चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। वर्बल ऑटोप्सी में मृत्यु का सही कारण उल्लेख करना अनिवार्य है। उन्होंने विकासखंड वार मातृ एवं शिशु मृत्यु की गहन समीक्षा भी की।बैठक में तीनों विकासखंडों के ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर एवं जिले की समस्त आशा सुपरवाइजर उपस्थित रहीं।

संभाग स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता हुई



हरदा। नेहरू स्टेडियम में 14 वर्ष आयु वर्ग की संभाग स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें हरदा की बालक और बालिका, दोनों टीमों ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किए। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम और बैतूल की टीमों ने भी हिस्सा लिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने बताया कि बालक वर्ग के मुकाबले में नर्मदापुरम ने बैतूल को 15-10 से हराया।

इसके बाद हरदा की टीम ने नर्मदापुरम को 15-13 से हराकर खिताब जीता। बालिका वर्ग में बैतूल ने नर्मदापुरम को 10-7 से हराया। फाइनल मुकाबले में हरदा की बालिका टीम ने बैतूल को 16-8 से शिकस्त देकर जीत हासिल की।

प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी और मंगल सिंह यादव ने किया। इस दौरान राजेश त्रिपाठी, भूपेंद्र तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समन्वयक सलमा खान, राहुल केथवास, मोहित अवस्थी, सचिन बरकड़े, नितिन रामकुचे, अनीता मिश्रा, हेमलता मंडराई, अख्तर अहमद, मिनी चाँदसूरे और राहुल कुशवाहा मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग की सड़क का मामला

चार माह में निर्माणाधीन सड़क क्षतिग्रस्त, लगा रहे पैबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झिरन्या

लोक निर्माण विभाग संभाग खरगोन(उपसंभाग भीकनगांव) द्वारा निर्माणाधीन भीकनगांव व्हाया झिरन्या दामखेड़ा फाटा (39.20किमी) सड़क जगह–जगह धंसने और डामर उखड़ने से पैबंद नजर आने लगे हैं।

यहां राज्यपाल के आगमन (28 जून26) के पूर्व नवनिर्मित झिरन्या-चैनपुर मार्ग (7 किमी) पर पहली ही बारिश के दौरान ही डामर के पैबंद लगाने का सिलसिला शुरू हुआ,जो अभी भी जारी है। इसका कार्य कब पूर्ण होगा और वह कब तक टिक पायेगी? यह सवाल जनमानस में उठने लगे हैं। इसका कार्यादेश मे.बिन्दल डेवलपर्स, कन्नौद (देवास) को दिसंबर 2024 में दिया गया था, जिसकी लागत रू.58.349 करोड़ है। जिसकी कार्य-अवधि पूर्ण होने के बाद भी भीकनगांव से दामखेड़ा तक अधिकांश निर्माण कार्य अधर में है। बस आनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह भाटिया ने कहा है कि यह जहां-तहां सड़क खोदने, गिट्टी बिछाने, कांक्रीट-कार्य आदि अधूरा छोड़ने और डामर उखड़ने से वाहन चालक आवागमन की समस्याओं से जूझ रहें हैं।

लग गया घटिया सामग्री का ढेर

जहां क्षतिग्रस्त सड़क पर बुलडोजर चला,वहां पटरियों एवं उसके किनारों पर गुणवत्ता-विहीन डामर और गिट्टी के ढेर दिखाई दे रहें है। ग्रामीणजन विभागीय अधिकारियों और एजेंसी पर घटिया निर्माण का आरोप लगा रहें हैं। ग्रामीणों में दिनेश नायक,राजेश राठौड़ (खोई) ने बताया कि खोई से भीकनगांव तक (14किमी) ने बताया कि उक्त मार्ग के कई स्थानों पर कच्ची गिट्टी बिछाकर,उसकी रोलर एवं पानी डालकर दबाई नहीं की गई है। जिससे सड़क का अधिकांश भाग जल्दी ही क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को पुनः समस्याएं झेलनी पड़ेगी। विभागीय संभागीय कार्यपालन अधिकारी आकाश दुबे ने सड़क पर डामर के पैबंद फोटो के अवलोकन की पुष्टि की और उन्होंने उनके स्थल की भी जानकारी प्राप्त की है। कार्रवाई करते की प्रतीक्षा है।

डामरीकरण पहली बारिश ही नहीं झेल पाया

इस नवनिर्मित झिरन्या-चैनपुर तक सड़क को देखकर ऐसा नहीं लगता कि इसका निर्माण हाल ही में हुआ है और करीब चार माह पूर्व हुआ डामरीकरण पहली बारिश ही नहीं झेल पाया है। इस दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर सड़कें धंसने लगी और एजेंसी को नव निर्मित-सड़क पर बुलडोजर चलाना पड़ा है। यह सिलसिला,इंदिरा कालोनी (झिरन्या) से लेकर क्रमशः मारुगढ़ और चैनपुर तक पहुंच गया है। यहां 28 जून को राज्यपाल के प्रवास के पूर्व डामरीकरण किया गया था।

अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली

हरदा। महाराजा अग्रसेन जयंती पर रविवार शाम मारवाड़ी अग्रवाल समाज ने शहर में शोभायात्रा निकाली। मारवाड़ी अग्रवाल धर्मशाला से शुरू हुई यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस पहुंची। भगवान अग्रसेन का रथ शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहा। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में मंगल गीत गाते हुए चलीं, जबकि युवाओं ने नृत्य कर उत्साह जताया। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। जयंती के उपलक्ष्य में समाज ने 10 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं और प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया।

शोभायात्रा की शुरुआत मारवाड़ी अग्रवाल धर्मशाला से हुई। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए यात्रा वापस पहुंची। इस दौरान भगवान अग्रसेन के जयकारे गूंजते रहे। समाज की महिलाओं और युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, वहीं युवा पूरे रास्ते नृत्य करते नजर आए। अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज की ओर से शहर में 10 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों और वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाजवाद, समरसता और सद्भाव के उनके सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के समापन पर विधि-विधान से महाआरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं और गणमान्य नागरिकों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

जेएनयू मामले में महिला मोर्चा ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरगोन

जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम से जुड़े मामले को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

यहाँ महिलाओं ने नारेबाजी कर इस मामले में राहुल गांधी की चुप्पी पर नाराजगी दर्ज कराते हुए आक्रोश जताया। महिलाओं ने राहुल गांधी के पुतले की चप्पल से पिटाई करने के बाद आग के हवाले किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर मामले पर जवाब मांगा। उन्होंने इस मामले में कांग्रेस सांसद डॉण अंगोमचा बिमोल अकॉइजाम की गिरफ्तारी की मांग उठाई और उन्हें बर्खास्त करने के नारे लगाए। मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि राहुल गांधी सार्वजनिक मंचों से महिला अधिकारों और सम्मान की बात करते हैंए ऐसे में कांग्रेस सांसद से जुड़े मामले में पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिएए महिला सम्मान का मुद्दा केवल राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिएए बल्कि जवाबदेही के स्तर पर भी दिखाई देना चाहिए।

भाजपा नेत्री पूर्वा व्यास ने कहा कि छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए और उनकी पहचान तथा निजता की रक्षा की जानी चाहिएए किसी भी व्यक्ति को उसके राजनीतिक प्रभाव के आधार पर जवाबदेही से ऊपर नहीं माना जा सकताए भाजपा महिला मोर्चा की मांग है कि मामले में कानून के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई हो। यह केवल राजनीतिक आरोप.प्रत्यारोप नही महिलाओं की गरिमा से जुड़ा सवाल है। इस दौरान पार्षद बेबी मण्डलोई, पार्षद संध्या दांगी, गीतांजलि तिवारी, मीनाक्षी मुछाल, किरण रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष शम्भूसिंह मनहर, मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे, सतनाम कुशवाह, अमित मौर्य, पुरुषोत्तम सोनी, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष घोषित

भाजपा जिलाध्यक्ष बके निर्देश पर पांच अध्यक्षों का मनोनयन

खरगोन। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नारायण पटेल ने बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के लिए अपने मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। यह घोषणा भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे के निर्देश पर की गई। इन नियुक्तियों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाना हैए विशेषकर किसानों से जुड़े मुद्दों पर।

किसान मोर्चा सह- मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम सोनी ने बताया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा, निमाड़ संभाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा और जिला प्रभारी संगीता सोनी की सहमति से यह संगठनात्मक सूची जारी की गई। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 182 बड़वाह के तहत कुल पांच मंडल अध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। नयुक्त किए गए मंडल अध्यक्षों में अजय केसरीलाल गुल्या बेड़िया ग्रामीण, लखन रामेश्वर पटेल सनावद ग्रामीण, कमल पटेल सनावद नगर, राजेश चौधरी बड़वाह ग्रामीण और अमर कुलवंत सिंह संधू बड़वाह नगर शामिल हैं। इन सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से अपने-अपने मंडलों में किसान मोर्चा की गतिविधियों को तेज करने, किसानों के बीच सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

पिता की श्रद्धांजलि सभा में बाबा साहब की प्रतिमा के लिए 10,211 रुपए दिए

महापुरुषों के विचार नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान



खरगोन। मोहम्मदपुर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वरिष्ठ समाजसेवी कमलकांत निहाले ने अपने पूज्य पिता गुलाबचंद निहाले की श्रद्धांजलि सभा में उनकी स्मृति में 10,211 रुपये की राशि दी। वहीं समाजसेवी रामेश्वर बड़ोले ने 5,000 रुपये और प्रीतम निहाले ने 2,100 रुपये का सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कमलकांत निहाले ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में ऐसे कार्य किए जाने चाहिए, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने के साथ उनके विचारों और जीवन संघर्ष से जुड़े साहित्य को भी समाज तक पहुंचाना जरूरी है। इससे आने वाली पीढ़ी महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक बदलाव में अपनी भूमिका निभा सकेगी।

कार्यक्रम में शिवराम नागराज, प्रदीप करोंदिया, शिवराम किरावर, नरेन्द्र आर्य, दिलीप पंचोली,शंकर निहाले, नरेंद्र कंचोले, और राजाराम खांडे, महेश केवडे. कैलाश चौहान राजेन्द्र भालसे, सहित अन्य वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और कुरीतियों को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हुकुम कोचले ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और नई पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए सामाजिक बदलाव की आवश्यकता है। साथ ही पगड़ी प्रथा का महत्व बताते हुए कहा कि पगड़ी सर पर सम्मान के लिए होती है इस पगडी.कों गठडी.ना बनावें का संदेश दिया। इस अवसर पर दिलीप पंचोली द्वारा त्रिशरण एवं पंचशील पाठ करते हुए बुद्ध वंदना कि गई।

आलीराजपुर के युवक की झिरन्या में मौत

झिरन्या। यहां तिल्ली खला मोहल्ला(त्रिवेणी नगर) में जगदीश राठौर के यहां मेहमान आये संजय (गोलू) पिता रामेश्वर राठौर (32वर्ष), अलीराजपुर की कथित हार्ट अटैक से मौत हो गई। उसका शव को अलीराजपुर ले जाया जा रहा है। वह अपनी मां सुमनबाई के साथ मौसा जगदीश राठौर के यहां मकान उद्घाटन में आया था,जिसकी करीब आधे घंटे बाद उक्त घटना घटित हो गई हैं। परिजनों ने बताया कि वह हाथ-मुंह धोकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था।

सेवा संकल्प अभियान में छात्राओं ने बनाए जनकल्याणकारी विषयों पर आकर्षक ग्रीटिंग

कन्या महाविद्यालय में गगतिविधि आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरगोन



सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय, खरगोन में सोमवार को संस्था प्रमुख डॉ. आर.के. यादव की अध्यक्षता में ग्रीटिंग कार्ड निर्माण अभियान आयोजित किया गया। इसमें महाविद्यालय की 302 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी विषयों पर आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। सेवा संकल्प प्रभारी डॉ. जी.एल. डावर के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में छात्राओं ने ह्यमेरी सेवा मेरा योगदानह्ण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, भारतीय सेना का योगदान, विकसित भारत, महिला सशक्तिकरण, समृद्ध मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश की लोक कलाओं जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रप्रेम एवं रचनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने अपने ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।